# RBSE BOARD कक्षा - 10 | आर्थिक विकास की समझ

## अध्याय-5 | उपभोक्ता अधिकार

Worksheet-1



JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

### बहुविकल्पी प्रश्न

**1. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (कोपरा)-1986 में संशोधन कब किया गया-**
(अ) 2015 (ब) 2016
(स) 2019 (द) 2017

**2. सीमित आपूर्ति से क्या नुकसान होता है?**
(अ) कीमतों में वृद्धि होती है (ब) जमा-खोरी शुरू हो जाती है
(स) नकली अभाव दिखाया जाता है (द) सभी विकल्प सही हैं

**3. उपभोक्ता का क्या कर्तव्य नहीं हैं।**
(अ) गुणवत्ता की जाँच (ब) तिथि की जाँच
(स) झगड़ा करना (द) खुदरा मूल्य की जाँच

**4. किस अधिकार के अंतर्गत उपभोक्ता वस्तु के निर्माण एवं समाप्ति की तिथि को जान सकता है?**
(अ) क्षतिपूर्ति का अधिकार (ब) सूचना का अधिकार
(स) चयन का अधिकार (द) शिकायत का अधिकार

**5. अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन किस देश में है?**
(अ) मास्को (ब) इटली
(स) लंदन (द) जिनेवा

**6. वस्तुओं की गुणवत्ता को ज्ञान कर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कौन-सा मार्क प्रदान किया जाता हैं?**
(अ) ISI (ब) RBI
(स) AGM (द) FBI

**7. अगर कोई व्यक्ति बिजली के करंट से मर जाता है तो, यह किसके अंतर्गत आता है।**
(अ) चयन का अधिकार (ब) सुरक्षा का अधिकार
(स) क्षतिपूर्ति का अधिकार (द) सूचना का अधिकार

**8. किस अधिकार के अंतर्गत कोई भी उपभोक्ता प्रतिस्पर्धात्मक कीमत पर वस्तु का चयन कर सकता हैं?**
(अ) सुरक्षा का अधिकार (ब) शिकायत का अधिकार
(स) चयन का अधिकार (द) क्षतिपूर्ति का अधिकार

**9. किस वर्ष में उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम पारित हुआ?**
(अ) 1985 में (ब) 1986 में
(स) 1980 में (द) 1981 में

**10. भारत में जिला उपभोक्ता आयोग के निर्णय से असंतुष्ट व विवादों का निपटारा कौन करता है?**
(अ) राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग (ब) स्थानीय उपभोक्ता आयोग
(स) जिला उपभोक्ता आयोग (द) राज्य उपभोक्ता आयोग

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहां चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

## रिक्त स्थान

**11.** राज्य आयोग द्वारा उपभोक्ता आयोग के निर्णय के अंतर्गत असंतुष्ट उपभोक्ता ____________ दिनों के अंदर प्रार्थना कर सकता है।

**12.** ____________ रूपये तक के मामलों का निस्तारण जिला उपभोक्ता मंच में होता है।

## सत्य/असत्य

**13.** उपभोक्ता के अधिकारों में चुनने का अधिकार शामिल है।

**14.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में लागू किया गया है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

**15.** एगमार्क क्या है?

**16.** भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**17.** उपभोक्ता के कुल कितने अधिकार होते हैं? सभी अधिकारों के नामों का उल्लेख कीजिए।

**18.** उपभोक्ता जागरूकता हेतु कोई चार उपाय सुझाइए।

## निबंधात्मक प्रश्न

**19.** भारत सरकार ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के हित में क्या कदम उठाये हैं, बताओ।

**20.** भारत में उपभोक्ता आंदोलन की प्रगति की समीक्षा करें।

## HOTS

**21.** मान लीजिए आपको कैमिस्ट से कुछ दवाइयों को खरीदने के लिए कहा जाता है। आप दवाइयाँ खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखेंगे?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**1.** **(स)** 2019

**2.** **(द)** सभी विकल्प सही हैं

**3.** **(स)**

उपभोक्ता का यह कर्तव्य नहीं है कि वह दुकानदार से झगड़ा करे।

**4.** **(ब)**

सूचना के अधिकार के अंतर्गत कोई भी उपभोक्ता वस्तु की निर्माण व समाप्ति की तिथि जान सकते हैं।

**5.** **(द)** जिनेवा

**6.** **(अ)**

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ISI मार्क प्रदान किया जाता है।

**7.** **(ब)** सुरक्षा का अधिकार

**8.** **(स)**

चयन के अधिकार के अंतर्गत कोई भी उपभोक्ता प्रतिस्पर्धात्मक कीमत पर वस्तु का चयन कर सकता है।

**9.** **(ब)**

वर्ष 1986 में उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम पारित हुआ।

**10.** **(द)**

जिला उपभोक्ता आयोग के द्वारा लिए गए निर्णय से असंतुष्ट उपभोक्ता के विवादों का निपटारा राज्य उपभोक्ता आयोग करता हैं।

**11.** 30 दिन

**12.** 20 लाख

**13.** सत्य

**14.** सत्य

**15.** एगमार्क :- यह खाद्य तेलों की शुद्धता का प्रमाण होता है।

**16.** भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर को मनाया जाता है।

**17.** **कोपरा एक्ट के अन्तर्गत उपभोक्ता को निम्नलिखित छह अधिकार हैं-**

i. सुरक्षा का अधिकार।

ii. वस्तुओं और सेवाओं के बारे में सूचना का अधिकार।

iii. चयन का अधिकार।

iv. सुनवाई का अधिकार।

v. निवारण का अधिकार।

vi. उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार।

**18.** उपभोक्ता जागरूकता हेतु चार उपाय निम्नलिखित हैं-

i. उपभोक्ताओं को वस्तुओं व सेवाओं के बारे में समुचित ज्ञान व निपुणता प्राप्त करने हेतु प्रेरित करना।

ii. उपभोक्ताओं को सूचना पाने के अधिकार से अवगत कराना जिससे वे वस्तु व सेवा के प्रति सही निर्णय ले सकें।

iii. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी देना।

iv. चुनने का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, सुरक्षा के अधिकार, न्याय पाने का अधिकार आदि से अवगत कराना।

**19.** भारत सरकार ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के हित में निम्नलिखित कदम उठाये हैं :-

1. कानूनी कदम : 1986 का उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम
2. प्रशासनिक कदम: सार्वजनिक वितरण प्रणाली
3. तकनीकी कदम : वस्तुओं का मानकीकरण
4. सूचना का अधिकार अधिनियम (2005)
5. त्रि-स्तरीय उपभोक्ता अदालतों की स्थापना।
6. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1999 के तहत नकली सामान बेचना सख्त अपराध है।
7. मानक चिन्ह :- भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 1986 द्वारा प्रदत्त आई. एस. आई/ वी.एस. आई.

मिशन ज्ञान
पढ़ो जब चाहो, जहाँ चाहो, जैसे चाहो
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**20.**

i. उपभोक्ता आंदोलन उपभोक्ताओं के असंतोष का परिणाम था, क्योंकि विक्रेता कई अनुचित व्यवसायों में शामिल होते थे। उपभोक्ता को बाज़ार में शोषण से रक्षा के लिए कोई कानून व्यवस्था मौजूद नहीं थी।

ii. भारत में सामाजिक बल के रूप में उपभोक्ता आंदोलन का जन्म अनुचित एंव अनैतिक व्यावसायिक कार्यों से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से हुआ।

iii. 1960 के दशक में व्यवस्थित रूप से उपभोक्ता आंदोलन का उदय हुआ और 1970 के दशक तक उपभोक्ता संस्थाएँ वृहत् स्तर पर उपभोक्ता अधिकार से संबधित आलेखों के लेखन तथा प्रदर्शनी का आयोजन करने लगी थीं।

iv. सड़क यात्री परिवहन में अत्यधिक भीड़-भाड़ तथा सरकारी राशन दुकानों में होने वाले अनुचित कार्यों पर नज़र रखने के लिए उपभोक्ता दलों का निर्माण किया गया। धीरे-धीरे हमारे देश में इन उपभोक्ता दलों की संस्था में काफी वृद्धि हुई।

v. भारत में उपभोक्ता आंदोलन को सबसे बड़ी सफलता 1986 ई. में मिली; जब भारत सरकार ने 'उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम' पारित किया। जो COPRA के नाम से प्रसिद्ध है।

**21.** कैमिस्ट से दवाइयां खरीदते समय हम निम्नलिखित बातों का ध्यान रखेंगे :-

i. दवाई बनाने की तारीख देखेंगे।

ii. दवाई पर समाप्त होने वाली तारीख देखेंगे।

iii. अधिकत्तम खुदरा मूल्य देखेंगे।

iv. समुचित रसीद लेंगे।

v. लाल पट्टी वाली दवाइयों का प्रयोग डॉक्टर की सलाह से करे।

मिशन ज्ञान
पढ़ो जब चाहो, जहाँ चाहो, जैसे चाहो!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES